


भारत कोकिंग कोल लिमिटेड (कोल इण्डिया लिमिटेड का एक अंग)

# बीसीसीएल दर्पण

02 राजभाषा पखवाड़ा
03 महिला सशक्तीकरण
04 कोड ऑफ वेजेस


माह सितंबर
2019

## श्री एम विश्वेश्वरैया जयंती समारोह

भारत कोकिंग कोल लिमिटेड के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक की अध्यक्षता में आयोजित एक बैठक में 15 सितंबर को महान वैज्ञानिक, अभियंता भारत रत्न श्री एम विश्वेश्वरैया की जयंती पर उनके चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर उन्हें स्मरण किया गया और अभियंता दिवस का आयोजन किया गया।



## "बीसीसीएल दर्पण" का विमोचन




जन सम्पर्क विभाग बीसीसीएल द्वारा प्रकाशित मासिक पत्रिका "बीसीसीएल दर्पण" का विमोचन 12 सितंबर, 2019 बीसीसीएल के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक श्री पी एम प्रसाद तथा निदेशक मण्डल के द्वारा संयुक्त रूप से कोयला भवन में किया गया है। इस अवसर पर अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक के अलावा निदेशक (कार्मिक) श्री आर एस महापात्र, निदेशक तकनकी (योजना/परियोजना) श्री राकेश कुमार, निदेशक तकनीकी (संचालन) श्री जे0पी0 गुप्ता तथा मुख्यालय के महाप्रबंधकगण एवं विभागाध्यक्षगण उपस्थित थे।

## पैप्स और बीसीसीएल कर्मियों के आश्रितों को रोजगार प्रशिक्षण और नौकरी



भारत कोकिंग कोल लिमिटेड के माइनिंग कार्यक्षेत्र में आनेवाले पैप्स ( प्रोजेक्ट अफेक्टेड पीपल्स) और कम्पनी के कर्मियों के आश्रित बेरोजगार युवक एवं युवतियों के लिए प्लास्टिक इंजीनियरिंग एवं टेक्नोलॉजी में छः महीने का आवासीय निःशुल्क रोजगारोन्मुख प्रशिक्षण सेंट्रल इंस्टिच्युट ऑफ प्लास्टिक इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के हाजीपुर कैम्पस में दिया गया। प्रशिक्षण समाप्ति के बाद सिपेट हाजीपुर कैम्पस के सौजन्य से सभी 120 प्रशिक्षणार्थियों में से दूसरे बैच के 14 प्रशिक्षणार्थियों को सीटीएम इण्डिया लिमिटेड, चेन्नई में और 20 प्रशिक्षणार्थियों को मदर्शन इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, अहमदाबाद, गुजरात में ट्रेनी ऑपरेटर के पद पर नौकरी मिल गई है।






स्वच्छता से संबंधित आम नागरिकों के बीच जागरूकता अभियान चलाया गया एवं बताया गया कि प्लास्टिक का करें विरोध ताकि भारत हो कचरे से मुक्त देश।



# महिला मण्डल हर्ष महोत्सव 2019

बीसीसीएल महिला मण्डल द्वारा कोयला नगर स्थित सामुदायिक केन्द्र में एक दिवसीय सांस्कृतिक कार्यक्रम हर्ष महोत्सव-2019 का आयोजन किया गया। जिसमें महिलाओं के बीच विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि कोल इंडिया लिमिटेड के अध्यक्ष श्री ए के झा की ध र्मपत्नी श्रीमती निशा ठाकुर, निदेशक तकनीकी श्री विनय दयाल की धर्मपत्नी डा0 ज्योति दयाल, निदेशक (मार्केटिंग) श्री एस एन प्रसाद की धर्मपत्नी श्रीमती नुपूर प्रसाद, निदेशक वित्त श्री संजीव सोनी की धर्मपत्नी श्रीमती महिमा सोनी तथा बीसीसीएल के अध्यक्ष-सह प्रबंध निदेशक श्री पी एम प्रसाद की धर्मपत्नी पी विमला निदेशक कार्मिक श्री आर एस महापात्र की धर्मपत्नी श्रीमती रश्मि रेखा महामात्रा, मुख्य सतर्कता पदाधिकारी श्री कुमार अनिमेष की धर्मपत्नी श्रीमती नितू प्रसाद, निदेशक तकनीकी योजना एवं परियोजना श्री राकेश कुमार की धर्मपत्नी श्रीमती सागारिका श्रीवास्तव, निदेशक वित्त श्री समीरण दत्ता की धर्मपत्नी श्रीमती मिली दत्ता तथा महिला मंडल की श्रीमती सीमा सिन्हा, सचिव एवं संयुक्त सचिव श्रीमती स्मीता श्रीवास्तव बीसीसीएल महिला मण्डल विशेष रूप से उपस्थित थी।

# एडवाइजरी समिति का गठन



कोयला मंत्रालय के निर्देशानुसार, बीसीसीएल मुख्यालय में एनवायरनमेंट क्लीयरेंस एवं फारेस्ट क्लीयरेंस की शर्तो के प्रभावी रूप से कार्यान्वयन हेतु डॉ. ई. वी. आर. राजू, विभागाध्यक्ष पर्यावरण के नेतृत्व में 11 सदस्यों की एक एडवाइजरी समिति का गठन किया गया है, जिसमे बीसीसीएल मुख्यालय के संबंधित विभागाध्यक्षों को सदस्य बनाया गया है| इस समिति की पहली बैठक 15 जुलाई 2019 को एवं दूसरी बैठक 23 सितम्बर 2019 को श्री राकेश कुमार, निदेशक तकनीकी (बीसीसीएल) की अध्यक्षता में संपन्न हुई| इस बैठक में पर्यावरण के सुधार के लिए बीसीसीएल द्वारा किये गये कार्यों एवं भविष्य की योजनाओं पर चर्चा की गयी| मेकॉन द्वारा मलजल उपचार सयंत्र अभिकल्प के ऊपर एक प्रेजेंटेशन भी दिया गया|




राजभाषा पखवाड़ा के दौरान बीसीसीएल, डेस्क कार्यालय कोलकाता में आयोजित समापन समारोह में बीसीसीएल के निदेशक (कार्मिक) श्री आर एस महापात्र बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए और समारोह की अध्यक्षता भी की।




# राजभाषा पखवाड़ा

दिनांक 02.09.2019 को अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक श्री पी एम प्रसाद द्वारा दीप प्रज्ज्वलन कर राजभाषा पखवाड़ा का भव्य शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर निदेशक (कार्मिक) श्री आर एस महापात्र, श्री कुमार अनिमेष, मुख्य सतर्कता अधिकारी, श्री राकेश कुमार, निदेशक (तकनीकी), समस्त विभागाध्यक्ष, महाप्रबंधक, अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे। दिनांक 14 सितंबर, 2019 को हिंदी दिवस–सह–पुरस्कार वितरण समारोह के दौरान बीसीसीएल की गृह पत्रिका कोयला भारती का विमोचन अध्यक्ष–सह–प्रबंध निदेशक एवं निदेशक ने किया। इस अवसर पर प्रख्यात साहित्यकार प्रो. रविभूषण को बीसीसीएल ने कोयला भारती सम्मान से नावाजा गया। साथ ही राजभाषा प्रदशनी का भी आयोजन किया गया ।



# माह सितम्बर 2019 में स्वीकृत आश्रित नियोजन

| क्रमांक | भूतपूर्व कर्मी का नाम | पदस्थापना स्थल | आश्रित का नाम | संदर्भ संख्या | दिनांक |
|---|---|---|---|---|---|
| 01. | स्व. अदिया मुंडा | बरोरा क्षेत्र | श्री संतोष कुमार मुंडा | 4012-4003 (H) | 12.09.2019 |
| 02. | स्व. जेम्स प्रकाश मिंज | बरोरा क्षेत्र | श्री प्रतुल अलोक मिंज | 4154-4145 (H) | 14.09.2019 |
| 03. | स्व. राजा राम नोनिया | ब्लॉक- II क्षेत्र | श्रीमती गीता देवी | 4173-4167 (H) | 16.09.2019 |
| 04. | स्व. नवल किशोर प्रसाद | गोविंदपुर क्षेत्र | श्री राजेश कुमार | 4135-4126 (H) | 14.09.2019 |
| 05. | स्व. बुधनी देवी | गोविंदपुर क्षेत्र | श्री मिथु कुमार | 4162-4155 (H) | 14.09.2019 |
| 06. | स्व. राज कुमार रजवार | गोविंदपुर क्षेत्र | श्रीमती परभा देवी | 4102-4096 (H) | 14.09.2019 |
| 07. | स्व. मुंदरी देवी | कतरास क्षेत्र | श्री विजय यादव | 4115-4107 (H) | 14.09.2019 |
| 08. | स्व. ब्रह्मदेव भुईया | कतरास क्षेत्र | श्री राजेश कुमार भुईया | 4183-4175 (H) | 16.09.2019 |
| 09. | स्व. धरमु भर | कतरास क्षेत्र | श्री हरिलाल भरद्वाज | 1812-1802 ® | 13.09.2019 |
| 10. | स्व. मुमताज आलम अंसारी | सिजुआ क्षेत्र | मो. वाहिद आलम | 1824-1813 (H) | 13.09.2019 |
| 11. | स्व. बिनोद पासवान | सिजुआ क्षेत्र | श्री रोहित कुमार पासवान | 4042-4033 (H) | 13.09.2019 |
| 12. | स्व. बसंत नोनिया | सिजुआ क्षेत्र | श्री अरुण कुमार | 4144-4136 (H) | 14.09.2019 |
| 13. | स्व. रामपुकार कहर | कुसुंडा क्षेत्र | श्री विश्वजीत कुमार | 4125-4166 (H) | 14.09.2019 |
| 14. | स्व. मणिलाल मांझी | बरोरा क्षेत्र | श्री मैनो देवी | 87-4281 (H) | 21.09.2019 |
| 15. | स्व. राजू भुईया | बरोरा क्षेत्र | श्री प्रमिला देवी | 94-4288 (H) | 21.09.2019 |
| 16. | स्व. सुन्दर दास | कुसुंडा क्षेत्र | श्री मनोज कुमार दास | 4303-4295 (H) | 21.09.2019 |
| 17. | स्व. धीरेन चंद्र प्रमाणिक | कुसुंडा क्षेत्र | श्रीमती जाबा प्रमाणिक | 74-4265 (H) | 21.09.2019 |
| 18. | स्व. कारू पासवान | वाशेरी डिवीज़न | श्री राम प्रवेश कुमार | 74-2063 ® | 21.09.2019 |
| 19. | स्व. नन्दलाल यादव | बस्ताकोला क्षेत्र | श्री जीतेन्द्र कुमार यादव | 89-1779 | 20.09.2019 |
| 20. | स्व. मनोज पासवान | बस्ताकोला क्षेत्र | श्री बिमलेश कुमार | 78-1769 | 20.09.2019 |
| 21. | स्व. अनिल कुमार चटर्जी | बस्ताकोला क्षेत्र | श्री मिलन चटर्जी | 54-1645 | 14.09.2019 |
| 22. | स्व. चकरा मुंडा | बस्ताकोला क्षेत्र | श्री नारायण मुंडा | 60-1751 | 20.09.2019 |
| 23. | स्व. जय नारायण राउत | लोदना क्षेत्र | श्रीमती सरिता देवी | 39-1732 | 20.09.2019 |
| 24. | स्व. दिलीप बनर्जी | लोदना क्षेत्र | श्री आशीष बनर्जी | 65-1655 | 14.09.2019 |
| 25. | स्व. निमाई बाउरी | पूर्वी झरिया क्षेत्र | श्री परिखित बाउरी | 75-1666 | 14.09.2019 |
| 26. | स्व. सवाधू प्रसाद | सी. वी. क्षेत्र | श्री बिजय प्रसाद | 68-1761 | 20.09.2019 |
| 27. | स्व. कार्तिक राम सतनामी | सी. वी. क्षेत्र | श्री बिनोद कुमार सतनामी | 1703-1696 | 14.09.2019 |
| 28. | स्व. कानाई चन्द्र दत्ता | सी. वी. क्षेत्र | श्री दीपक दत्ता | 20-1714 | 14.09.2019 |
| 29. | स्व. ब्रह्मदेव प्रसाद लाला | पश्चिमी झरिया क्षेत्र | श्री सुजीत सिन्हा | 13-1704 | 14.09.2019 |
| 30. | श्री महाबीर प्रसाद महतो | बस्ताकोला क्षेत्र | श्री अनिल कुमार महतो | 50-1740 | 20.09.2019 |
| 31. | स्व. छोटा समीरुद्दीन मिया | पश्चिमी झरिया क्षेत्र | श्री अब्दुल जबर अंसारी | 85-1676 | 14.09.2019 |
| 32. | स्व. त्रिगुण राम | पी. बी. क्षेत्र | श्री रवि रंजन राम | 95-1685 | 14.09.2019 |
| 33. | स्व. ख़ुशी लाल राम | पी. बी. क्षेत्र | श्रीमती माया देवी | 44-1637 | 14.09.2019 |
| 34. | स्व. दिलीप दास | पी. बी. क्षेत्र | श्रीमती भारती देवी | 36-1629 | 14.09.2019 |
| 35. | स्व. नारद राम | वाशेरी डिवीज़न | श्री दीनानाथ बरेठ | 31-1721 | 19.09.2019 |



## गोविंदपुर में सामुदायिक भवन का निर्माण

बीसीसीएल द्वारा रतनपुर पंचायत, गोविंदपुर के जीरमुरी गाँव में पंडित दीन दयाल उपाध्याय सामुदायिक भवन का निर्माण किया गया। जिसका विधिवत उद्घाटन धनबाद लोकसभा के माननीय सांसद, श्री पशुपति नाथ सिंह, सिंदरी विधान सभा के माननीय विधायक, श्री फूलचंद मंडल तथा बीसीसीएल के बोर्ड स्तर के सी0एस0आर0 समिति के सदस्य श्री एच एस यादव (अध्यक्ष), श्री ए के लोमस ( स्वतंत्र निदेशक), लेफ्टिनेंट जनरल नरेंद्र सिंह (स्वतंत्र निदेशक), श्री बिष्णु प्रसाद दास (गैर आधिकारिक अंशकालिक निदेशक), डॉ. के एस शंकरराव (गैर आधिकारिक अंशकालिक निदेशक) तथा बीसीसीएल के निदेशक (कार्मिक) श्री आर एस महापात्र की गरिमामय उपस्थिति में किया गया।






भारत कोकिंग कोल लिमिटेड में कार्यरत महिला कर्मियों के लिए महिला सशक्तीकरण हेतु कार्यशाला का आयोजन किया गया, कार्यशाला का उद्घाटन महाप्रबंधक (कल्याण/सीएसआर) श्रीमती आहूति स्वाईन द्वारा किया गया।





**केन्द्रीय सलाहकार समिति की बैठक बी सी सी एल के निदेशक (कार्मिक) श्री आर एस महापात्र की अध्यक्षता में दिनांक 19.09.2019 को कोयला भवन सभागार में सम्पन्न हुई**

## 26 सितंबर, 2019 को
# शहीद श्रमिकों को श्रद्धांजलि



नागदा खान दुर्घटना में शहीद हुए श्रमिकों को श्रद्धासुमन अर्पित करते बीसीसीएल निदेशक (कार्मिक) श्री आर एस महापात्र, डब्लू0जे0 एरिया के महाप्रबंधक तथा महाप्रबंधक (कार्मिक / औ0सं0)।



गजलीटांड़ कोलियरी खदान के शहीद कर्मियों को शहीद स्तंभ के पास गुरुवार को बीसीसीएल सीएमडी पीएम प्रसाद, निदेशक (कार्मिक) बीसीसीएल श्री आर एस महापात्र, स्थानीय कोल अधिकारियों, श्रमिक संगठन व विभिन्न दल के नेताओं व परिजनों ने श्रद्धांजलि दी। सभी ने शहीद स्तंभ पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित किया। शहीदों की याद में सर्वधर्म प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। इसके बाद सभी लोगों ने शहीदों के नाम पर 64 पौधे लगाए।

# सुरक्षा प्रहरियों के लिए विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम

भारत कोकिंग कोल लिमिटेड में कार्यरत सुरक्षा प्रहरियों के लिए एक विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन मानव संसाधन विकास, कल्याण भवन द्वारा किया गया। कार्यशाला का उद्घाटन बीसीसीएल के निदेशक (कार्मिक) श्री आर एस महापात्र ने किया।





# सेवानिवृत अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सम्मान

भारत कोकिंग कोल लिमिटेड में हर माह की तरह इस माह 30 सितंबर, 2019 को सेवानिवृत हुए अधिकारियों एवं कर्मचारियों के सम्मान में आयोजित समारोह में बीसीसीएल के निदेशक (वित्त) श्री समीरन दत्ता मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित हुए तथा समारोह की अध्यक्षता की। भारत कोकिंग कोल लिमिटेड के मुख्यालय कोयला भवन एंव क्षेत्रों से सेवानिवृत होने वाले 07 अधिकारियों एवं मुख्यालय के 10 कर्मचारियों को कोयला नगर स्थित सामुदायिक केन्द्र में सम्मानित किया गया। सेवानिवृत होने वाले अधिकारियों में श्री नरेन्द्र कुमार मार्तण्ड, महाप्रबंधक (खनन), श्री तपन कुमार बनर्जी, महाप्रबंधक (वित्त), श्री प्रकाश सिंह, वरीय प्रबंधक (खनन), श्री देबतोष दे एवं श्री अमरनाथ सण्डवार अधिनस्थ अभियन्ता (वि0एवंया0), श्री राम चन्द्र प्रसाद तथा उत्तम कुमार लायक, अधिनस्थ अभियन्ता (उत्खनन) तथा मुख्यालय से कर्मचारियों में श्री राम अवतार राम, वरीय निजी सहायक(रा0भा0), श्री सोमनाथ बनर्जी, मुख्य लैब टेक्निसियन, श्री ओम प्रकाश शर्मा, फोरमैन इेचार्ज (इले0), श्री गोपाल शरण एवं मो0 अबरार अहमद फोरमैन (मेके0), लाल हरि किशोर नाथ सहदेव, डाटा एंट्री ऑपरेटर, श्री प्रणब गांगुली, श्री हराधन रजवार, फिटर, श्री राजू राम तथा बाबूलाल रजक प्रधान आदेशपाल हैं ।

# कोड ऑफ वेजेस - 2019 विषय पर कार्यशाला




बीसीसीएल के सामुदायिक भवन में नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ पर्सनल मैनेजमेंट, धनबाद चैप्टर तथा बीसीसीएल के कार्मिक निदेशालय के द्वारा संयुक्त रूप से Code of Wages - 2019 (कोड ऑफ वेजेस - 2019) विषय पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ करते हुए श्री आर एस महापात्र, निदेशक (कार्मिक) बीसीसीएल एवं चेयरमैन, नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ पर्सनल मैनेजमेंट, धनबाद चैप्टर ने सभी प्रतिभागियों का स्वागत किया तथा कार्यशाला के विषय की महत्ता पर प्रकाश डाला। कार्यशाला की शुरुआत में मुख्य अतिथि के तौर पर आए हुए श्री ए के मेहता, अतिरिक्त महाधिवक्ता झारखंड सरकार तथा प्रो॰ प्रमोद पाठक, आईएसएम/आईआईटी को बीसीसीएल के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक, श्री पी एम प्रसाद ने पुष्प-गुच्छ, श्रीफल एवं अंग वस्त्र देकर स्वागत किया।

